एक नजर

विद्युत विभाग ने 10 गांवों के पेयजल टैंकों के कनेक्शन काटे, पानी संकट गहराया

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। बकाया बिल जमा न करने पर विद्युत विभाग ने 10 गांवों के पेयजल टैंक के कनेक्शन काट दिए हैं। जिससे इन गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है।

गुस्साए ग्रामीणों का कहना है कि अगर पेयजल टैंकों का कनेक्शन शीघ्र ही नहीं जोड़ा गया, तो ग्रामीण विद्युत विभाग के अधिकारियों का घेराव करेंगे और धरना देंगे।

जानकारी के मुताबिक बिजली विभाग का इन गांवों पर 47 लाख 58 हजार 113 रुपये बकाया है। एसडीओ अमीचंद ने बताया कि ऊर्जा निगम का पेयजल बहादरपुर खादर पर 3,62,192, जैनपुर नवादा पर 6,26,024, भुरना पर 9,37,711, सेठपुर पर 7,26,631, मुंडाखेड़ा कला पर 46,955, केहड़ा पर 4,86,489, हुसैनपुर पर 1,45,648 रुपये, अकोढ़ा खुर्द पर 13,53,767, अकबरपुर ऊद पर 45,259 और डोसनी पर 27,437 बकाया है। एसडीओ अमीचंद ने बताया कि कई बार अवगत कराने के बाद भी बिजली बिल जमा नहीं किया गया है। जिस पर इन गांवों में स्थित पेयजल टैंकों के कनेक्शन काट दिए गए हैं।

कनेक्शन काटे जाने से इन गांवों के ग्रामीणों के समक्ष पीने के पानी का संकट गहरा गया है। भीषण गर्मी के चलते शुद्ध पानी न मिलने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागों की मनमानी के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अगर पेयजल टैंकों का कनेक्शन शीघ्र ही नहीं जोड़ा गया, तो ग्रामीण बिजली विभाग के अधिकारियों का घेराव कर बिजली घर पर धरना देंगे और उग्र प्रदर्शन करेंगे।

गुरुकुल में महात्मा हंसराज का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। दर्शनशास्त्र विभाग, गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में महात्मा हंसराज का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य महात्मा हंसराज द्वारा वैदिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार में किये गये योगदान का स्मरण करना एवं विद्यार्थियों को उनके संघर्ष एवं बलिदानों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में मुख्य व्याख्यान कर्ता के रूप में डॉ. विनय विद्यालंकार ने अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार महात्मा हंसराज ने संघर्षों का सामना करते हुए भी वैदिक शिक्षा के सम्बन्ध में महर्षि दयानन्द के विचारों को धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त की, जो आज डीएवी विद्यालयों की श्रृंखला के रूप में हमारे सामने है। उन्होंने बताया कि महात्मा हंसराज ने बिना किसी पारिश्रमिक के आजीवन निस्वार्थ भाव से डीएवी के प्राचार्य एवं संचालक के रूप मे कार्य किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. ब्रह्मदेव विद्यालंकार, डीन प्राच्यविद्या संकाय ने विद्यार्थियों को वैदिक शिक्षा में वर्णित आदर्शों को अपने व्यक्तित्व एवं आचार में परिणत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आन्तरिक आचरण के सुधार से ही हम मानव से महामानव बन सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. विपिन बालियान एवं विभाग के सभी शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वयं से जुड़ना ही योगः प्रो. सुरेन्द्र

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। जीवनभर व्यक्ति दूसरों से जुडता रहता है। दूसरों से जुड़ाव का भाव दुख: का कारण बनता है। दूसरे से जुडने के स्थान पर स्वयं से जुड़ना ही योग है।

गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला योग को जीवन में कैसे धारण करें, विषय पर आयोजित की गई। कसर्यशाला का शुभारम्भ योग मनीषि प्रो. सुरेन्द्र कुमार, अध्यक्ष योग विज्ञान विभाग ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला के प्रथम सत्र को बतौर मुख्य वक्ता प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने कहॉ कि योग से जीवन में स्थिरता आती है, जिसके बल पर व्यक्ति योग की परम सिद्धि समाधि तक पहुंच जाता है। हठयोग, श्रीमद्वभगवत गीता, घेरंड सहित जैसे योग परक ग्रंथों में उपलब्ध प्रमाण से योग की जीवन में उपयोगिता सिद्ध करते हुये प्रो. कुमार ने योग मे अन्न के स्थान को बहुत महत्वपूर्ण बताया। जीवन मे सर्वोधिक महत्वपूर्ण श्वास-प्रश्वास रूपी प्राण है। प्राण (श्वास की गति) मन के आधीन है। मन के अनुसार ही प्राण कार्य करता है।

मन की प्रवृत्ति से चित्त तथा भाव का निर्माण होता है। बुद्धि शान्त होने पर मन की एकाग्रता स्थिर हो जाती है। कार्यशाला में प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने मन की स्थिरता के लिए छात्रों को ध्यान लगाने की प्रयोगात्मक प्रक्रिया भी कराया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शिवकुमार चौहान ने कार्यशाला की प्रस्तावना प्रस्तुत की। कार्यशाला में प्रभारी विभाग डॉ. अजय मलिक ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विभागीय आन्तरिक गुणवता प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. कपिल मिश्रा, डा. प्रणवीर सिंह, डॉ. अनुज कुमार, कनिक कौशल, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से प्रो. सुरेन्द्र कुमार को स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवकुमार चौहान और धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कपिल मिश्रा ने किया।

वेतन की मांग को लेकर कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

वेतन नहीं मिलने पर सभी कर्मचारी उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन की मांग को लेकर कर्मचारियों ने डीएम व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला है।

विरोध जताने के लिए कर्मचारियों को काली पट्टी बांधकर कार्य करना पड़ रहा है। जल्द ही वेतन नहीं मिलने पर सभी कर्मचारी उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

पूर्व घोषणा के अनुसार सभी कर्मचारी 7 से लेकर 10 सितम्बर तक काला फीता बांधकर कार्य स्थल पर कार्य करेंगे। इसके बाद उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि हमारी मांगों पर सरकार को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। तीन महीने से वेतन नहीं मिला है, यह गंभीर स्थिति है।

अगर आगे भी ऐसा ही चलता रहा तो सभी कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों ने सौतेला व्यवहार अपनाने का भी आरोप लगाया। डा. रविंद्र कालरा ने कहा कि संबंधित विभाग व शासन को पत्राचार करते रहते हैं और उनकी ओर से केवल आश्वासन दिया ज रहा है।

परंतु आज तक ऐसा नहीं हुआ। कर्मचारियों को समय पर सेलरी ना देकर मानसिक शोषण किया जा रहा है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन की मांग को लेकर कर्मचारी 7 सितंबर से लेकर 10 सितंबर तक काली पट्टी बांधकर कार्य करने के लिए मजबूर हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि बजट होने के उपरान्त भी उन्हें वेतन नहीं दिया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

सरकार की कार्यप्रणाली से आहत एनएचएम कर्मचारी संगठित होकर विरोध जता रहे हैं। इसके पूर्व जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा और वेतन नहीं मिलने पर काली पट्टी बांध कर कार्य करने की चेतावनी हुए दी। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। हरिद्वार जनपद के समस्त एएनएम कर्मचारियों ने संगठित होकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारियों में बहादराबाद अध्यक्ष डॉ मनवीर, डॉ प्रियंका, डॉ प्रियंका सानू, दिनेश पंत, अश्वनी, सतीश ठाकुर, मीडिया प्रभारी स्वरूप सिंह पोखरियाल उपस्थित रहे।

पत्नी संग हुआ विवाद, पति ने खाया जहर, मौत

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। एक व्यक्ति ने पत्नी के साथ हुए विवाद के कारण जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जहर खाने के बाद हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर मानते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन शख्स ने रास्ते में दम तोड़ दिया। फिलहाल शव को रुड़की सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए रखा गया है। घटना के मुताबिक, मंगलौर के पठानपुरा मोहल्ला निवासी रईस आलम 46 वर्ष पुत्र बारू हसन की घर में पत्नी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद रईस ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। रईस की हालत को बिगड़ता देख आनन-फानन में परिजनों ने रईस को गंभीर अवस्था में रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन अस्पताल के चिकित्सकों ने रईस की हालत को गंभीर मानते हुए एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया। रईस ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद रईस के शव को रुड़की के सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए रखा गया है।

पुलिस ने कबाड़ियों के गोदाम पर मारा छापा, कई कटी गाड़ियों के पार्ट्स बरामद

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। कोतवाली रानीपुर क्षेत्र के सलेमपुर गांव में सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी कबाड़ियों की दुकानों पर की गई। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कटी हुई गाड़ियों के पार्ट बरामद किए। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह को पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि कोतवाली रानीपुर क्षेत्र के सलेमपुर इलाके में कबाड़ियों के कुछ गोदाम ऐसे बनाए गए हैं जहां पर बाहर से लाई गई दोपहिया और चार पहिया गाड़ियों का कटान होता है। यह भी सूचना मिली थी कि इनमें काफी गाड़ियां ऐसी हैं जो चोरी कर लाई जाती हैं। इनके पार्ट्स को यहां पर निकाल कर बेचा जाता है। सूचना के आधार पर पहले इलाके में एसओजी की टीम को इन गोदामों का पता लगाने के लिए लगाया। टीम ने कई दिन काम करने के बाद पांच ऐसे गोदामों को चिह्नित किया। पता चला कि गोदाम में वाहनों को काटा जाता था। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद एसपी सिटी, सीओ सिटी, सीओ सदर ने सिटी के तमाम थानों की फोर्स और पीएसी के साथ इन सभी 5 गोदामों पर एक साथ रेड की। इस रेड से पहले ही गोदामों के संचालक मौके से फरार हो गए। मगर कर्मचारी जरूर पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस ने गोदामों में मिले तमाम वाहनों के पुर्जों की सूची तैयार कर गोदाम संचालकों को नोटिस जारी कर दिया है। सूत्रों के अनुसार यह सभी गाड़ियां चोरी की हैं। चोरी की गाड़ियों को ही काट कर उनका सामान यहां पर एकत्र किया जाता था। पूछताछ में पता चला है कि गाड़ियां काटने का यह धंधा बिजनौर, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर के लोग चला रहे थे। पुलिस आरोपियों और उनसे जुड़े कबाड़ियों की तलाश में जुट गई है। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि काफी समय से उन्हें यह सूचना मिल रही थी कि रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर में दोपहिया और चार पहिया वाहन काटे जा रहे हैं। इस पर रानीपुर कोतवाली सहित पूरे सिटी के थानों का पुलिस बल व एसओजी की टीम साथ में लेकर इन ठिकानों पर धावा बोला गया। पुलिस के पहुंचते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। इन पांचों ठिकानों से कार, मोटरसाइकिल समेत हर प्रकार के वाहन के इंजन, टायर, चेचिस आदि पुर्जे और कटे हुए हिस्से बरामद हुए हैं। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार ने बताया जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

सीए ब्रांच ने किया प्राध्यापकों और प्राचार्यों को सम्मानित

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। महाविद्यालय में गुरुवार को आईसीएआई के सदस्यों ने गुरुजन सम्मान तथा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें सी.ए. ब्रांच हरिद्वार द्वारा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंटकर कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न संकायों के कुल सुपर-33 छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर मैडल एवं प्रमाण-पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री महन्त रविन्द्र पुरी महाराज, अध्यक्ष कॉलेज प्रबन्ध समिति ने कहा कि महाविद्यालय के गुरुजन अपने समर्पण तथा विद्वता के लिए प्रसिद्ध हैं और आईसीएआई संस्था द्वारा उनका सम्मान किया जाना निश्चित रूप से इनकी उच्च शिक्षण सेवाओं का सम्मान है। श्रीमहन्त ने 33 उपस्थित छात्र-छात्राओं को साधुवाद देते हुए कहा कि यह बैच सुपर-33 के नाम से जाना जायेगा और इनके भविष्य एवं कैरियर को दिशा देने के लिए यथासम्भव महाविद्यालय द्वारा सहयोग किया

जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील बत्रा ने सुपर-33 को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहाकि महाविद्यालय के सम्पूर्ण प्राध्यापक अपने-अपने क्षेत्रों के श्रेष्ठतम विद्वानों में हैं और वे सम्पूर्ण कार्य निष्ठा के साथ निरन्तर महाविद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं को अपने संस्थान के माध्यम से दिशा निर्देशन देते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1961 से अब तक कुल मिलाकर 51 चार्टेड अकाउण्टेंट महाविद्यालय से निकले हैं। पूर्व प्राचार्य डॉ. अवनीत कुमार घिल्डियाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सी.ए. प्रबोध जैन ने कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण पर प्रसन्नता जाहिर की एवं कॉलेज परिवार के साथ मिलकर शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करने पर भी अपनी सहमति दी। सम्मान समारोह का संचालन सी.ए. हरिकृष्ण रतूड़ी व डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने किया। आईसीएआई संस्था द्वारा श्री महन्त रविन्द्र पुरी महाराज, अध्यक्ष-कॉलेज प्रबन्ध समिति, प्रो. पीएस चौहान, पूर्व प्राचार्य, डॉ. एसएस जायसवाल, पूर्व प्राचार्य, डॉ. अशोक मिश्र, पूर्व प्राचार्य, डॉ. अवनीत कुमार घिल्डियाल, डॉ. सरस्वती पाठक, शिक्षाविद् विदुषी, डॉ. सुनील बत्रा, डॉ. मन मोहन गुप्ता, डॉ. तेजवीर सिंह तोमर, डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी, डॉ. जगदीश चन्द्र आर्य, डॉ. नलिनी जैन, विनय थपलियाल, डॉ. सुषमा नयाल तथा वैभव बत्रा को प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत में बड़ी जीत के साथ बनेगा भाजपा का बोर्ड : आदेश चौहान

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। रानीपुर विधायक आदेश चौहान विधानसभा क्षेत्र के औरंगाबाद सीट से भाजपा समर्थित उम्मीदवार विमलेश चौहान और सलेमपुर महदूद द्वितीय सीट से मीनाक्षी चौहान के साथ जिला पंचायत कार्यालय नामांकन कराने पहुंचे।

रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने जिला पंचायत चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत का दावा किया है। विधायक आदेश चौहान ने कहा कि पंचायत चुनाव में जनता के रुझान को देखते हुए साफ है कि जिला पंचायत में बड़ी जीत के साथ सौ प्रतिशत भाजपा का बोर्ड बनने जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने कहा कि क्षेत्र में भाजपा सरकार एवं क्षेत्रीय विधायक के विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। नामांकन कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुनेश पाल, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष विजय चौहान, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र राणा, चमन चौहान, अमरीश शर्मा, विपिन शर्मा, ऋषि पाल, सहित भाजपा पदाधिकारी और सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहे।

उप जिलाधिकारी संगीता कनौजिया के निधन पर शोकसभा आयोजित

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। उप जिलाधिकारी सुश्री संगीता कनौजिया, जो लक्सर में एक सड़क दुर्घटना में विगत कई दिनों पूर्व गंभीर रूप से घायल हो गयीं थीं, जिनका इलाज एम्स ऋषिकेश में चल रहा था, गुरूवार को उनका निधन हो गया। उप जिलाधिकारी सुश्री संगीता कनौजिया के निधन पर कलक्ट्रेट में एक शोक सभा हुई, जिसमें जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) पी.एल. शाह, मुख्य कोषाधिकारी नीतू भण्डारी सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुश्री संगीता कनौजिया को अपने कार्य के प्रति समर्पित, कर्मठ तथा व्यवहार कुशल बताते हुये उनके निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुये, शोक संतप्त परिजनों को यह दारूण दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये, प्रार्थना की।

POONAWALLA HOUSING FINANCE
Apna Ghar, Apni Pehchan

पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
ब्रांच ऑफ यूनिटः तीसरा, फ्लोर प्लॉट नंबर -3 सेक्टर 3 कौशांबी एक्सिस बैंक से सटे, गाजियाबाद-201010

ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा के प्रवर्तन के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री ब्याज अधिनियम, 2002 (बाद में ह्लअधिनियमह्व के रूप में संदर्भित)

एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से कर्जदारों/सह-उधारकताओं/गारंटरों को नोटिस दिया जाता है कि निम्नलिखित संपत्तियां मैग्मा हाउसिंग को गिरवी रखी गई हैं। फाइनेंस लिमिटेड का नाम बदलकर अब पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। जिसका कब्जा संबंधित अधिकृत द्वारा ले लिया गया है अधिनियम की धारा 13(4)/ धारा 14 के तहत कंपनी के अधिकारी को कंपनी के बकाया की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित शर्तों के अनुसार ई-नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। लागू ब्याज, शुल्क और लागत आदि के साथ बकाया राशि। वर्णित संपत्ति सुरक्षा हित (प्रवर्तन) के नियम 8 और 9 के तहत ह्लजहां है, जो कुछ भी है और बिना संसाधन के आधार परह्व बेची जा रही है। नियम (बाद में नियम के रूप में संदर्भित): बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड / सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट में दिए गए लिंक को देखें, अर्थात, www.poonawallahousing.com

प्रस्ताव सं. ग्राहक का नाम ऋण खाता	मांग नोटिस की तारीख और बकाया राशि (टी)	इसकी प्रकृति कब्जा (सी)	विवरण संपत्ति का (डी)	संरक्षित कीमत (इ)	ईएमडी (10% के) (एफह्न)	ईएमडी सबमीसन्न की तारीख (जी)	वृद्धि एनटीएएल बोली खएचन्न	संपत्तिनिरीक्षण दिनांक और समय समैंन्न	दिनांक और का समय नीलामी लजेन्न	ज्ञात भार/न्यायालय मामले यदि कोई हों तंकेन्न
ऋण संख्या एचएफ/0173/एच/20/100073 आकाशदीप (उधार लेने वाला) रेणु लखेड़ा (सह-उधारकर्ता)	नोटिस की तारीखः 30-04-2022 कुल बकायाः आर एस।2178825.40 पी(इक्कीस रुपये) लाख सत्तर आठ टी एच ओ यू एस ए एन डी ईई जी एच टी सौ पच्चीसपैसे चालीस केवल)30-04 को देय-2022 के साथ ब्याज @14.00% प्रति वर्ष एहसास तक।	भौतिक	वह सब टुकड़ा औरगिरवी रखे का पार्सलपी आर ओ पी ई आर टी वाई टी डब्ल्यू ओसी ओ एन एस टी आर यू सी टी ई डी आर ई एस आई डी ई एन टी आई ए एल एफ एल एटी एस असर फ्लैट नं। ए-716 औरअ-717, कुल होने 672. का सुपर एरियास्क्वायर फीट यानी, 62.44वर्ग मीटर ,बी ई एल ओ एन जी आई एन जी से ओ एल डी खसरानो। 149, स्थित गांव हरिपुर कलां मेंपरगना परवाडकोन तहसील ऋषिकेश जिला।देहरादून	रु. 17,64,000/- (रुपये सत्रह लाख साठ-चार हजार सिर्फ)	रु. 176,400/- (रुपये एक लाख सत्तर छह हजार चार सौ सिर्फ)	13-10-2022 पहले शाम 5 बजे	10,000/-	07-10-2022 (सुबह 11 बजे शाम 4 बजे)	(सुबह 11 बजे दोपहर 2 बजे)	शून्य

खरीद और बिक्री के संबंध में अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए श्री इकबाल आलम से संपर्क करें (मोबाइल # 9958195453)

इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे शाखा और नीलामी में रखी गई संपत्तियों का दौरा करें, और शुल्क, भार के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करें। क्रेता अपनी स्वयं की जांच करेगा और अतिरिक्त शुल्कों, भारों और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएगा और सभी पहलुओं में खुद को / खुद को संतुष्ट करेगा। संपत्ति कर, बिजली बकाया और कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, जैसे संपत्ति से जुड़े सभी वैधानिक बकाया का पता लगाया जाना चाहिए और सफल द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए बोलीदाता(ओं)/संभावित क्रेता(रों)। बोलीदाताओं/संभावित क्रेताओं से उनके अपने हित में अनुरोध किया जाता है कि वे उपरोक्त के संबंध में स्वयं/स्वयं को संतुष्ट करें और बोली जमा करने से पहले उपर्युक्त संपत्ति/संपत्ति से संबंधित अन्य प्रासंगिक विवरण। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल के साथ खुद को पंजीकृत करना होगा और नीलामी से पहले ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। सेवा प्रदाता) उ1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। पता- प्लॉट नंबर -68 तीसरी मंजिल गुड़गांव हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी र४स्त्रस्त्रङ्ग१३@ंल्ल'ि४ू३ङ्गल्ल२ॅ्रे। संपर्क व्यक्ति विनोद चौहान, ईमेल आईडी- ि"@ंल्ल'ि४ू३ङ्गल्ल२ॅ्रे संपर्क नंबर- 9813887931। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता उनसे केवल ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करें। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को बयाना राशि जमा (ईएमडी) के माध्यम से जमा करना आवश्यक है ह्लपूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेडह्व, बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी। खाता संख्या-000651000460 और क्रस्र्उ कोड-कउक्उ0000006, 20, फ उ. मुखर्जी रोड-कोलकाता-700001 किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर 13/10/2022 को या उससे पहले आहरित और अपना नामॅ३३स्त्र२://६६ंल्ल'ि४ू३ङ्गल्ल२ॅ्रे पर पंजीकृत करें और प्राप्त करें यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर उनके पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड, ई-मेल और पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी को स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी प्राप्त करें। सुदंशु शर्मा, पता- ब्रांच ऑफ यूनिटः तीसरा, फ्लोर प्लॉट नंबर -3 सेक्टर 3 कौशाम्बी एक्सिस बैंक से सटे, गाजियाबाद-201010। मोबाइल न। 9953904004, ई-मेल आईडी sudanshu.sharma@poonewallahousing.com

जगहः ऋषिकेश जिला। देहरादून)
दिनांकः 09.09.2022

अधिकृत अधिकारी
पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

शिक्षित होने के साथ संस्कारवान बनेः चिरंजीवी

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। वर्तमान में बच्चों का शिक्षित होना जितना आवश्यक है उससे कहीं अधिक संस्कारित बनना है। राष्ट्रीय स्वयं संघ के विभाग प्रचारक चिरंजीवी भारत विकास परिषद की पंचपुरी शाखा की ओर से आयोजित गुरु वंदन-छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उक्त विचार व्यक्त किए।

एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में चिरंजीवी ने कहा कि समाज में भारत विकास परिषद पूर्व से ही संपर्क, संस्कार व सहयोग के संकल्प के साथ-साथ प्रेरणादायक कार्य कर रही है। आज बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने की जरूरत है। बच्चे संस्कारवान बने इसके लिए वातावरण तैयार करना होगा। हमारी पुरानी शिक्षा पद्धति हमें शिक्षित तो कर रही है, परन्तु युवा पीढ़ी रास्ते से भटक गई है।

केंद्र की मोदी सरकार ने जो नई शिक्षा नीति बनाई है वह इस दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। अब शिक्षक हमारी युवा पीढ़ी को संस्कारित बनाने के साथ-साथ समाज के प्रति उनके क्या कर्तव्य है उसका भी बोध उन्हें करायेंगे। शाखा के समन्वयक डॉ महेंद्र असवाल ने गुरु वंदन-छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि परिषद गुरु-शिष्य परम्परा को आगे बढ़ा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य गुरुजनों को तो सम्मानित करने का है ही साथ ही उनके होनहार शिष्यों को भी उचित मंच देना है। महिला संयोजिका श्रीमती डॉ बबीता पुरोहित ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में शिक्षक की जिम्मेदारी अधिक बढ़ गई है।

परिषद के महामंत्री संजीव कुमार लांभा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए गुरु वंदन-छात्र अभिनन्दन के स्लोगन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रो. विवेक कुमार गुप्ता, राजेश शर्मा, राजपाल सैनी, परविंदर सैनी को उनके सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।